हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 1 जुलाई 2026

06 जमीन समतलीकरण शुरू, दस हजार...



08 नदी-नाले उफान पर, जिजगांव में बिजली...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत परिसर में लगा पेड़ काटा

**नर्मदापुरम।** जिला पंचायत कार्यालय परिसर में एक हरे-भरे अशोक के पेड़ को काट दिया गया। पेड़ काटने को लेकर अनुमति नहीं लेने के आरोप भी लगे हैं। मंगलवार को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में रास्ते में बाधा बनने का हवाला देकर स्वस्थ अशोक के पेड़ को तने तक काट दिया गया। खास बात यह रही कि उसी समय जिले के प्रभारी मंत्री एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह जनपद पंचायत परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन कार्यक्रम में मौजूद थे।

### तीन शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**नर्मदापुरम।** शिक्षा विभाग के तीन शिक्षक, जिन्होंने अपने शैक्षणिक दायित्वों के साथ-साथ निर्वाचन कार्य में भी बीएलओ बूथ लेवल ऑफिसर के रूप में उल्लेखनीय सेवाएँ दीं, आज सेवानिवृत्त हो गए। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला आगरा की अमीता गौर, शासकीय प्राथमिक शाला फेंफरताल की चंद्रा गीते तथा शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांद्राभान के रामचंद्र प्रजापति शामिल हैं जिन्हें शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।


### जल गंगा अभियान के समापन अवसर पर शामिल हुए प्रभारी मंत्री

# जल संपदा अगली पीढ़ी को सौंपना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी: राकेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय समापन समारोह में प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, जनपद पंचायत नर्मदापुरम अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, प्रीति शुक्ला, राजो मालवीय, पीयूष शर्मा, माधव अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के समारोह में लोनिवि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



### सरकारी कार्यक्रम नहीं जन आंदोलन है : सिंह

प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेशभर में गत 100 दिनों से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का औपचारिक समापन 30 जून को हो रहा है, लेकिन यह अभियान किसी निश्चित अवधि तक सीमित नहीं है। यह जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए समाज की सामूहिक और सतत जिम्मेदारी का अभियान है। जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक शासकीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा का जन आंदोलन है।

### विभागों ने निभाई सहभागिता

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु उल्लेखनीय कार्य संपादित किये गये है।शासन के निर्देश अनुसार जिले में अभियान से जुडे सभी 12 विभागों द्वारा उनकी योजनाओं का क्रियान्वयन इस अवधि में किया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अभियान के दौरान जिले में विगत अभियान में लिये गये जल संवर्धन संरक्षण , पौधरोपण कार्यो को पूर्ण किया गया है। अभियान के दौरान खेत तालाब, कूप रिचार्ज, वाटर कंजरवेशन जल संवर्धन संरक्षण कार्य, पौध रोपण कार्य पूर्ण किये गये है। अभियान में मॉ नर्मदा एवं जिले में उनकी सभी सहायक नदियों के घाटों की सफाई भी जन सहभागिता से सुनिश्चित की गई है। इस अवधि में 5 नवीन अमृत सरोवर का निर्माण भी जनपद पंचायत केसला अंतर्गत करवाया गया है। अन्य विभागों द्वारा की गई गतिविधियों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं में पानी की टंकियों की साफ-सफाई कराई गई है।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक ली

जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के रेवासभा कक्षा में किया गया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं शासन की योजनाओं सहित कृषि, उद्योग, सड़क, आपदा प्रबंधन, उपार्जन, खाद वितरण सहित विभिन्न विभागों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की।

## 18 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरमखेड़ी में 18 वर्षीय एक युवती ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या कर ली है। मृतिका के पिता की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी रामभरोस अहिरवार 40 वर्ष निवासी गुरमखेड़ी के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई कि एक लड़का दीपक तथा एक लड़की पूनम थी। लड़की पूनम 18 वर्ष गर्ल्स कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। दिनांक 29 जून 2026 को आवेदक बाज़ार गया था तब जानकारी लगी कि लड़की पूनम ने घर के अंदर कमरे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर के अंदर कमरे का दरवाजा तोड़कर पूनम को नीचे उतारा, जिसकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर मर्ग क़ायम कर जांच में लिया गया है। पुलिस के अनुसार अभी तक युवती की मृत्यु का कारण अज्ञात है।

### बफर जोन में बाघ एक्स- मार्क को देखकर खुश हुए पर्यटक, 3 माह के लिए बंद हुई टूरिज्म एक्टिविटी



**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में इस सत्र की आखिरी टूरिज्म एक्टिविटी मंगलवार को हुई। अब एक जुलाई से मानसून सत्र में सितंबर तक कोर क्षेत्र में टूरिज्म एक्टिविटी बंद रहेगी। वहीं बफर जोन में पर्यटन प्रारंभ रहेगा। बफर जोन में मंगलवार को पर्यटकों ने बाघ एक्स-मार्क सहित भालू, जंगली सूअर, जॉइंट स्क्विरल तथा अन्य शाकाहारी वन्यजीव देखे। गाइड एलएन मांझी ने बताया कि बाघ एक्स-मार्क को देखकर पर्यटक बहुत खुश हुए।

## सिवनी मालवा में नालियों से हटाए गए अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सिवनी मालवा नगर परिषद क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव एवं जल निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। अविअ विजय राय के नेतृत्व में राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की। संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कई स्थानों पर नागरिकों द्वारा नालियों के ऊपर अवैध रूप से ओटले एवं अन्य निर्माण कर लिए गए थे, जिससे वर्षा का पानी सुचारु रूप से नहीं निकल पा रहा था और जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही थी। प्रशासन ने तत्काल जेसीबी एवं नपा के अमले की सहायता से नालियों पर किए गए अवैध ओटलों एवं अन्य अतिक्रमणों को हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया। एसडीएम विजय राय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन लोगों ने नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वयं तत्काल अपना अतिक्रमण हटा लें।

## 36 वर्षों की समर्पित सेवा के बाद एनके सूर्यवंशी सेवानिवृत्त, जाटव ने संभाली अनुविभाग की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जल संसाधन विभाग के तवानगर अनुविभाग में सोमवार को भावुक माहौल के बीच अनुविभागीय अधिकारी एनके सूर्यवंशी 36 वर्षों की गौरवपूर्ण शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। उनके स्थान पर प्रमोद जाटव ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। तवानगर जल संसाधन विभाग की पदस्थापना प्रदेश की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है, क्योंकि प्रदेश की जीवनरेखा और कृषि समृद्धि का आधार तवा बांध इसी अनुविभाग के अंतर्गत आता है। ऐसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन अब प्रमोद जाटव करेंगे।

सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सूर्यवंशी के लंबे, निष्पक्ष और समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए



उन्हें भावभीनी विदाई दी। अपने उद्बोधन में सूर्यवंशी ने कहा कि तवानगर उनकी कर्मभूमि रही है। वर्ष 1989 में उन्होंने जल संसाधन विभाग में सब इंजीनियर के रूप में सेवा प्रारंभ की थी। इसके बाद लगातार 36 वर्षों तक उन्होंने इसी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2018 में उन्हें अनुविभागीय अधिकारी के रूप में तवानगर का दायित्व मिला।

## मुख्य वॉल्व में खराबी से जलापूर्ति प्रभावित नपाध्यक्ष ने मौके पर दिए मरम्मत के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पीपल मोहल्ला स्थित मुख्य जलापूर्ति वॉल्व में अचानक आई तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार को बाजार क्षेत्र और पुरानी इटारसी में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सुबह ही मौके पर पहुंचे और जल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल वॉल्व की मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष चौरे ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत



सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर वॉल्व की खराबी दूर कर शीघ्र पानी की सप्लाई प्रारंभ करने तथा बड़ी पानी की टंकी को जल्द से जल्द भरने के निर्देश दिए, ताकि पुरानी इटारसी और बाजार क्षेत्र के नागरिकों को समय पर पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। नगर पालिका की टीम पूरे समय मौके पर मरम्मत कार्य में जुटी रही। अधिकारियों के अनुसार वॉल्व की खराबी दूर करने के प्रयास तेज गति से किए जा रहे हैं और कार्य पूर्ण होते ही जलापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

## सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरुकता रथ को एसपी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने और आम नागरिकों को डिजिटल ठगी से बचाने के लिए नर्मदापुरम पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान का शानदार आगाज किया गया। मंगलवार को नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने अपने कार्यालय से 'साइबर जागरूकता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के सभी अनुभागों और थाना क्षेत्रों में जाकर लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करेगा।



इस अभियान का मुख्य लक्ष्य आम नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और नियमित ऑनलाइन बैंकिंग करने वाले लोगों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना है। जागरूकता रथ के माध्यम से पुलिस आमजन को साइबर अपराधों के नए तरीकों और उनसे बचने के प्रभावी उपायों की जानकारी देगी।

यह रथ प्रतिदिन जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। इस दौरान स्थानीय पुलिस स्टाफ की मदद से सार्वजनिक सभाओं और मुख्य बाज़ारों में लोगों को जागरूक किया जाएगा। शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के लिए विशेष सत्र होंगे। बैंक शाखाओं और अन्य भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर साइबर सुरक्षा पर चर्चा की जाएगी।

### शहर में हुई रिमझिम बारिश, गर्मी से राहत

**नर्मदापुरम।** अरब सागर तक बनी ट्रफ और नए पश्चिमी विक्षोभ की वजह से नर्मदापुरम जिले में मानसून सक्रिय है। आगामी पांच दिनों के भीतर जिले में झंझावात (आंधी), वज्रपात और मूसलाधार बारिश की संभावना है। मंगलवार को भी दोपहर 1.15 बजे से रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली। सुबह से मौसम साफ था और तेज धूप निकली रही थी। दोपहर 1 बजे बदलाव के साथ बादल छा गए फिर रिमझिम बारिश शुरू हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 30 जून को जिले में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। एक जुलाई से बारिश बढ़ेगी।

## फाइलों में नहीं, अब फील्ड पर दिखेगा विकास: सीएमओ जाटव

### सख्त एक्शन मोड में सुरेखा जाटव, एसी दफ्तर छोड़ ग्राउंड जीरो पर पहुंचीं, लापरवाही पर कर्मियों का वेतन काटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की स्वच्छता और विकास को लेकर प्रशासनिक गलियारों में अब एक नई और बेहद कड़क कार्यप्रणाली की शुरुआत हो चुकी है। नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने पदभार ग्रहण करते ही साफ कर दिया है कि वे सिर्फ दफ्तर से हुक्म चलाने वाली अफसर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम देने वाली फील्ड कमांडर हैं। सोमवार को मैराथन समीक्षा बैठक लेने के ठीक अगले दिन, मंगलवार की अलसुबह साढ़े छह बजे जब शहर अंगड़ाई ले रहा था, तब सीएमओ पूरी टीम के साथ सड़कों पर स्वच्छता का जायजा ले रही थीं।





वातानुकूलित कमरों की पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए सीएमओ ने शहर के एक दर्जन से अधिक प्रमुख संवेदनशील इलाकों का बारीकी से मुआयना किया। इस दौरान जहां उन्होंने व्यवस्थाएं सुधारने के इनोवेटिव विजन पर बात की, वहीं कर्तव्य में लापरवाही बरतने वालों को यह अहसास भी करा दिया कि अब काम में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

### बाजार में सीधा संवाद

निरीक्षण के दौरान सीएमओ सीधे मुख्य सब्जी बाजार पहुंचीं। उन्होंने कचरे के त्वरित और समय पर निपटान के कड़े निर्देश दिए। व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए उन्होंने बाजार के प्रतिनिधि सोनू बिंद्रा से चर्चा की और उनके माध्यम से सभी व्यापारियों से इस मुहिम में सहयोग मांगा। उन्होंने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा यह शहर आप सबका अपना है। प्रशासन बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना सुंदरता मुमकिन नहीं। कचरा सिर्फ डस्टबिन या कचरा गाड़ी में ही डालें। औचक निरीक्षण के दौरान वार्ड 32 बाजार एरिया में भारी लापरवाही उजागर हुई। बिना किसी पूर्व सूचना के ड्यूटी से नदारद छह सफाई कर्मचारियों के खिलाफ सीएमओ ने तत्काल सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की। अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इन सभी का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## 41 साल की सेवा के बाद दी गई सम्मानपूर्वक विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपा के सभागार में मंगलवार को चार कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कर्मचारियों के लंबे और समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ एवं फूलमालाओं से सम्मानित किया।

सेवानिवृत्त होने वालों में बादामी लाल कहार (41 वर्ष से अधिक), नरेश कुमार धारू (25 वर्ष से अधिक), सुरेश नन्हें (36 वर्ष से अधिक) एवं उर्मिला श्रीराम (37 वर्ष से अधिक सेवाकाल) शामिल हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा, ‟पद और जिम्मेदारियां समय के साथ बदल जाती हैं, लेकिन ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा का मूल्य हमेशा अमर रहता है। आप सभी ने अपने कार्य से नगर पालिका की गरिमा बढ़ाई है। उन्होंने कहा, सरकारी सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का माध्यम है।

### जिले भर में हुए आयोजन, सिक्ख समुदाय ने सेवा की दी प्रेरणा

# इटारसी में श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से संपन्न, उमड़ा श्रद्धालुओं व भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिख धर्म के छठे गुरु और मीरी-पीरी के मालिक, धन-धन श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज का पावन प्रकाश पर्व इटारसी के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बेहद श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कीर्तन दीवान का मंगलवार को भव्य समापन हुआ, जिसमें भारी संख्या में संगत ने गुरु चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### तीन दिवसीय आयोजन

उत्सव की शुरुआत 28 जून को सुबह 10 बजे स्वर्गीय सरदार कुलदीप सिंह लाम्बा जी के परिवार द्वारा श्री अखंड पाठ साहिब के प्रकाश के साथ हुई।

### भक्तिमय कीर्तन



इटारसी के हजूरी रागी जत्था भाई अजीत सिंह जी ने मधुर गुरुवाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया।

### पूर्णाहुति और लंगर

मंगलवार सुबह 9:30 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया, जिसके बाद श्री सुखमणी साहिब का पाठ हुआ। दोपहर 12:30 बजे अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार जसबीर सिंह छाबड़ा ने इस मौके पर सभी देशवासियों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी द्वारा दिया गया धर्म की रक्षा, सेवा, साहस और मानवता का संदेश आज भी पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणास्त्रोत है। इसी तरह नर्मदापुरम में भी मंगलवार को सिख धर्म के छठे गुरु हरगोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में अखंड पाठ हुआ। दीवान सजाया गया और विशेष कीर्तन का आयोजन किया गया।

## नपा के तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त समारोह में दी भावभीनी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को नपा से तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने शासकीय सेवा में रहते हुए अपने कर्तव्य निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। उनकी सेवानिवृत्ति पर नगरपालिका कार्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि कैलाश तिवारी, मनोहर कहार एवं शांति मंडल सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं पूर्ण करने के उपरांत सेवानिवृत्त हो गईं। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। सेवानिवृत्त समारोह में पूर्व नपा उपाध्यक्ष अशोक कुशराम, पार्षद संदीप सिंह ठाकुर, स्मृति सोनी, दाताराम सगर, सुनील अवस्थी, सुनील राठौर, यशोदानंदन शर्मा, नंदा संतोरे, प्रेमलता यादव, गौरव वर्मा, आसिफ खान और अर्चना मंडल उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### उफनती नदी पार करते समय बाइक समेत दो ग्रामीण बहे, मौत



**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र में सोमवार रात चंपा नदी पार करते समय दो ग्रामीण बाइक समेत तेज बहाव में बह गए। मंगलवार सुबह दोनों के शव रपटे से करीब एक किलोमीटर दूर झाडियों में फंसे मिले। जानकारी के अनुसार सिप्लाई निवासी 42 वर्षीय राजेश बिहारे और 40 वर्षीय दद्दू धुर्वे सोमवार शाम देवपुर से सिप्लाई लौट रहे थे। चंपा नदी का जलस्तर अचानक बढने से रपटा पानी में डूब गया था। दोनों ने बहते पानी के बीच रपटा पार करने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव में बाइक समेत बह गए। घटना के समय मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें रुकने और पानी कम होने का इंतजार करने की सलाह दी थी, लेकिन वे नहीं माने। हादसे के बाद ग्रामीणों ने रातभर उनकी तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह रपटे से लगभग एक किलोमीटर दूर कुंवर देव टेकड़ा के पास नदी किनारे झाडियों में दोनों के शव फंसे हुए मिले। सूचना पर चिचोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बता दे कि चिचोली क्षेत्र में इस मानसूनी सीजन में अब तक जिले की सर्वाधिक 274.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भारी बारिश के कारण चंपा नदी सहित क्षेत्र के नाले-नदियां उफान पर थीं, जिससे कई रपटे पानी में डूब गए थे।

### ओवरब्रिज पर मिला शव, चेहरे-सिर पर चोट के थे निशान

**बैतूल।** शहर के सदर ओवरब्रिज पर मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे सडक़ दुर्घटना का मामला मान रही है, हालांकि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस को मंगलवार सुबह डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि सदर ओवरब्रिज पर एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मौके पर देखा कि मृतक के चेहरे और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी होगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि पुलिस अन्य संभावनाओं को भी ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35 से 45 वर्ष के बीच है। उसने काले रंग की टी-शर्ट, नीली जींस और पीले रंग का गमछा पहन रखा था। तलाशी लेने पर उसके पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन या अन्य दस्तावेज नहीं मिले। इसी वजह से उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को पहचान होने तक सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि परिजन मिलने पर उसे सौंपा जा सके। मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के सभी थाना क्षेत्रों को सूचना भेज दी है। साथ ही गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। घटना की वास्तविक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए ओवरब्रिज और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची जा रही है। कोतवाली पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का परिजन या परिचित लापता है, या मृतक के हुलिए से संबंधित कोई जानकारी हो, तो तत्काल कोतवाली थाना या डायल-112 पर सूचना दें। इससे मृतक की पहचान कर आगे की कानूनी कार्रवाई में मदद मिल सकेगी।

## ट्रेंचिंग ग्राउंड से हटा कचरा, स्टेडियम का रास्ता साफ

# जमीन समतलीकरण शुरू, दस हजार दर्शकों की रहेगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन अब कचरे से मुक्त हो चुकी है। यहां जो कचरे के बड़े-बड़े पहाड़ लगे थे, उन्हें हटाकर जमीन को समतल कर दिया गया है। जहां आने वाले समय में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। जिसके बाद क्रिकेट स्टेडियम में चौके-छक्के लगेग। दरअसल ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित होगी। नगरपालिका ने यहां से बड़े पैमाने पर कचरा हटाकर करीब 40 हजार 800 वर्गमीटर जमीन को साफ कर समतल कर दिया है। क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को लेकर नगरपालिका मौके पर बचे कचरे को हटाने और मैदान को पूरी तरह तैयार करने का काम भी तेजी से कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही जनप्रतिनिधियों से समय मिलेगा, स्टेडियम के भूमिपूजन का कार्य किया जायेगा। बता दे कि ट्रेंचिंग ग्राउंड से बीते एक वर्ष के दौरान करीब 1.50 लाख टन पुराना कचरा हटाया गया है। यह कचरा वर्षो से ट्रेंचिंग ग्राउंड में एकत्रित हो रहा था। जिससे यहां कचरे का पहाड़ लग गया था और आसपास रहने वाले लोगों को भी दुर्गंध सहित गंदगी का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब वर्षों से जमा कचरे का पहाड़ हटने से जमीन का एक बड़ा हिस्सा सामने आया है। इसी जमीन पर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला क्रिकेट स्टेडियम तैयार करने की योजना है।

### करीब 10 एकड़ बताई जा रही जमीन

गौठाना स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की कुल जमीन करीब 10 एकड़ बताई जा रही है। स्टेडियम के लिए लगभग 240 मीटर लंबी और 170 मीटर चौड़ी जमीन चिन्हित की गई है। इस हिसाब से करीब 40 हजार 800 वर्गमीटर क्षेत्र में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है। नगरपालिका ने स्टेडियम निर्माण के लिए रिवाइज एस्टीमेट तैयार किया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस परियोजना पर करीब 18 से 20 करोड़ रुपए खर्च हो सकते हैं। गौरतलब रहे कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल में राष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होना है।



### उत्कृष्ट मैदान की जमीन स्टेडियम बनाने की थी योजना

पहले स्टेडियम उत्कृष्ट स्कूल परिसर में बनाया जाना था। उस समय करीब 5 करोड़ रुपए लागत से स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया था। जिसके लिए टेंडर भी दिसंबर माह में हो चुका है। जल्द ही इसका भूमिपूजन करने की तैयारी भी थी, लेकिन इसी बीच यह बात सामने आई है कि स्टेडियम के लिए जो जगह चुनी गई है, वह निर्धारित मापदंडों से काफी कम है। यही कारण है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड की जमीन को स्टेडियम के लिए फाइनल किया गया। जहां कचरा हटने के बाद समतलीकरण का कार्य किया गया है, जिससे स्टेडियम के लिए जरूरी क्षेत्र तैयार हो गया है। हालांकि वर्तमान में शहर से निकलने वाला कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड के एक तरफ डंप किया जा रहा है, जिसे भी जल्द हटा दिया जायेगा, ताकि स्टेडियम निर्माण में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

### राष्ट्रीय स्तर के मानकों की होंगी सुविधाएं

क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण पूरा होने के बाद जिले के खिलाडिय़ों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मैदान उपलब्ध होगा। वर्तमान में शहर में प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में होता है। वहां सीमित सुविधाओं के कारण बड़े आयोजन कराने में परेशानी आती हैं। अब क्रिकेट स्टेडियम बनने के बाद यहां बड़े-बड़े आयोजन हो पायेगे। इसके साथ ही क्रिकेट स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्रीवॉल, फेसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज, शौचालय, रेस्ट रूम, आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएंगी। स्टेडियम को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता के मानकों के अनुसार तैयार करने की बात कही जा रही है।

### दस हजार दर्शकों की होगी क्षमता

नगरपालिका का कहना है कि बैतूल में बनने वाला क्रिकेट स्टेडियम राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। प्रस्तावित स्टेडियम में मैदान का व्यास 137 मीटर से 150 मीटर तक रखा जाएगा, जबकि बाउंड्री की दूरी पिच के केंद्र से 65 से 90 मीटर के बीच होगी। इसके अलावा लगभग दस हजार दर्शकों की क्षमता वाली दर्शक दीर्घा भी विकसित की जाएगी। यही कारण है कि अब 7 से 8 एकड़ जमीन की आवश्यकता बताई जा रही है। नई जमीन की तलाश शहर के आसपास के क्षेत्रों में की जा रही है। जानकारी के मुताबिक शहर से सटे तितली चौराहा, जामठी, गौठाना ट्रेंचिंग ग्राउंड सहित अन्य स्थानों पर जगह देखी गई है। इनमें से जहां भी उपयुक्त जगह पाई जाएगी, वहां निर्माण किया जायेगा।

### यह हैं स्टेडियम के लिए मानदंड


राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम के लिए जो मापदंड तय है, उनके अनुसार स्टेडियम का व्यास (डायमेंशन) 137 से 150 मीटर होना चाहिए। पिच की लंबाई 22 गज और चौड़ाई 10 मीटर हो। सेंटर से बाउंड्री की लंबाई 59 से 82 मीटर होनी चाहिए। इन मापदंडों के आधार पर बने स्टेडियमों में ही राष्ट्रीय स्तर के मैच किए जा सकते हैं। अभी क्रिकेट स्टेडियम के लिए जो जगह चुनी गई है, वहां पर व्यास 90 मीटर ही आ रहा है। इसके अलावा दर्शक क्षमता भी मात्र 1000 लोगों की रहेगी। जाहिर है कि यह मापदंडों से बेहद कम है। इससे प्रादेशिक या राष्ट्रीय स्तर के मुकाबले इस स्टेडियम में बिल्कुल नहीं कराए जा सकेंगे।

**जमीन फाइनल कर दी है**

क्रिकेट स्टेडियम को लेकर ट्रेंचिंग ग्राउंड वाली जमीन को फाइनल कर दिया है। कचरा हटाकर मैदान को समतलीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। जैसे ही कार्य पूर्ण होता है और जनप्रतिनिधियों से समय मिलता है, स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन कराया जायेगा।
- **नवनीत पांडे**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## मंदिर की दानपेटी से 80 हजार पार

# मुलताई में फिर मंदिर बना चोरों का निशाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई क्षेत्र में मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम घाट अमरावती के तीन मंदिरों में हुई चोरी की घटना को अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि अब नगर के बैतूल रोड स्थित मंगलवारी बाजार के समीप साईं-हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। लगातार हो रही इन घटनाओं से श्रद्धालुओं और मंदिर समितियों में आक्रोश व्याप्त है तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात अज्ञात चोर साईं-हनुमान मंदिर में घुस गए। चोरों ने मंदिर की दानपेटी तोडक़र उसमें रखी लगभग 70 से 80 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर दानपेटी अपने साथ ले गए और मंदिर परिसर में पीपल के पेड़ के पास केवल सिक्के छोडक़र फरार हो गए। मंगलवार सुबह जब मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो दानपेटी गायब मिली। परिसर में बिखरे सिक्के देखकर चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर समिति के सदस्य और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। चोरी की घटना को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। मामले की सूचना तत्काल मुलताई थाना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा साक्ष्य जुटाते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

### घाट अमरावती में भी एक ही रात में तीन मंदिरों को बनाया था निशाना


उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व प्रभात पट्टन के समीप स्थित ग्राम घाट अमरावती में भी अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन मंदिरों में चोरी की थी। बदमाशों ने मां अंबा मंदिर, शिव मंदिर तथा अमरेश्वर नागद्वार मंदिर की दानपेटियां तोडक़र नकदी चोरी कर ली थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दिए थे। ग्रामीणों के अनुसार यह घटना गुरुवार की दरमियानी रात हुई थी। अगले दिन सुबह जब ग्रामीण और मंदिर समितियों के सदस्य पूजा के लिए पहुंचे, तब दानपेटियां टूटी हुई मिलीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी।

### लगातार बढ़ रही घटनाओं से लोगों में असुरक्षा का माहौल

लगातार मंदिरों में हो रही चोरियों से श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों को लगातार निशाना बनाए जाने से आस्था को ठेस पहुंच रही है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा सीसीटीवी निगरानी को प्रभावी बनाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जा सके।

# लोक सेवा केंद्र में सुविधाओं का अभाव नागरिकों को हो रही भारी परेशानी

## सामाजिक कार्यकर्ता ने जनसुनवाई में उठाया मुद्दा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

तहसील परिसर स्थित लोक सेवा केंद्र, जहां से शासन को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, स्वयं बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें आवश्यक सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। इस समस्या को लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सोनी ने सोमवार को आयोजित जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपकर लोक सेवा केंद्र की बदहाल व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित कराया तथा भवन की मरम्मत और नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

अनिल सोनी ने बताया कि तहसील क्षेत्र का यह एकमात्र लोक सेवा केंद्र है, जहां जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवेदन करने पहुंचते हैं। प्रत्येक आवेदक से निर्धारित शुल्क लिया जाता है, जिससे शासन को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता है। इसके अलावा लोक सेवा केंद्र का संचालन भी प्रतिवर्ष लाखों रुपये के ठेके पर दिया जाता है, लेकिन इसके बावजूद केंद्र में नागरिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का घोर अभाव है। उन्होंने बताया कि सेवा केंद्र का फर्श कई स्थानों पर टूट चुका है और टाइल्स उखडऩे लगी हैं, जिससे आए दिन आवेदकों के ठोकर खाकर घायल होने की आशंका बनी रहती है। केंद्र में शौचालय बंद पड़े हैं, पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है तथा पर्याप्त बैठने की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। गर्मी के मौसम में नागरिकों की सुविधा के लिए कूलर अथवा अन्य शीतलन व्यवस्था भी नहीं की गई है, जिससे घंटों इंतजार करने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अनिल सोनी का कहना है कि जब प्रत्येक सेवा के लिए नागरिकों से निर्धारित शुल्क लिया जाता है, तब उन्हें न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना भी संबंधित एजेंसी और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि लोक सेवा केंद्र के भवन की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, टूटे हुए फ्लोर और टाइल्स को बदला जाए तथा पेयजल, शौचालय, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और गर्मी के मौसम में कूलर जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की कि जनसुनवाई में उठाई गई इस समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, जिससे लोक सेवा केंद्र वास्तव में आम नागरिकों के लिए सुविधाजनक और जनहितैषी बन सके।

### बिजली गिरने से एक परिवार के चार लोग झुलसे

**बैतूल।** चिचोली तहसील क्षेत्र के ग्राम चुना गोसाई में मंगलवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्य झुलस गए। इस घटना में मकान की टीन की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को तत्काल चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम सुखदेव यादव (45) के घर पर बिजली गिरी। उस समय घर में सुखदेव यादव, उनकी पत्नी गीताबाई यादव (40), पुत्री संध्या यादव (16) और पुत्र नैतिक यादव (14) मौजूद थे। बिजली गिरने से चारों लोग झटके की चपेट में आ गए। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण चारों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने सभी का प्राथमिक उपचार किया और उन्हें निगरानी में रखा। चिचोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. अभिनव शुक्ला ने बताया कि सभी मरीजों की स्थिति सामान्य रही। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# गुरु नानक दरबार ट्रस्ट की भूमि के मुख्य द्वार पर बिजली के खंभे लगाने का विरोध

## जनहित के प्रस्तावित कार्यों में बाधा बनने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर पालिका एवं विद्युत विभाग द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड स्थित श्री गुरु नानक दरबार ट्रस्ट की भूमि के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों ओर बिजली के खंभे लगाने के लिए बड़े-बड़े गड्ढे खोदे जाने का मामला सामने आया है। ट्रस्ट का आरोप है कि इससे भविष्य में इस भूमि का जनहित के कार्यों के लिए उपयोग प्रभावित होगा।

इस संबंध में ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी एवं अध्यक्ष डॉ. हरप्रीत कौर खुराना ने मंगलवार को जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया गया है कि इंदिरा गांधी वार्ड स्थित ट्रस्ट की भूमि पर भविष्य में अस्पताल अथवा अन्य सार्वजनिक उपयोग के कार्य प्रस्तावित हैं। इसी भूमि पर सिख समुदाय का पवित्र निशान साहिब भी स्थापित है। ऐसे में मुख्य प्रवेश मार्ग के दोनों ओर बिजली के खंभे लगाए जाने से आने वाले समय में निर्माण एवं जनहित के कार्यों में गंभीर



असुविधा उत्पन्न होगी। डॉ. खुराना ने शिकायत में यह भी कहा है कि जिस स्थान पर खंभे लगाए जा रहे हैं, वहां उनकी कोई आवश्यकता नहीं है। क्षेत्र में पहले से पर्याप्त विद्युत व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट उपलब्ध हैं। उनका आरोप है कि जहां वास्तव में बिजली के खंभों की जरूरत है, वहां कार्य नहीं किया जा रहा, जबकि बिना आवश्यकता के महत्वपूर्ण ट्रस्ट भूमि के प्रवेश मार्ग पर पोल लगाए जा रहे हैं, जिससे भूमि का उपयोग प्रभावित होगा। ट्रस्ट ने प्रशासन से मांग की है कि ट्रस्ट भूमि के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बिजली के खंभे लगाने की प्रक्रिया तत्काल रोकी जाए तथा वैकल्पिक स्थान पर पोल स्थापित किए जाएं, ताकि भविष्य में प्रस्तावित जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

**इनका कहना है-**

जनसुनवाई में ट्रस्ट भूमि के सामने खंबे लगाने के लिए गड्ढे खोदने संबंधी आवेदन प्राप्त हुआ है आपत्ति के बाद गड्ढो को भरकर पोल अन्य स्थान पर लगाए जाएंगे।
**जी.आर. देशमुख** लेखपाल
नगर पालिका मुलताई

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में प्रभातपट्टन तहसील के ग्राम गोधना निवासी हेमराज ने अनावेदकों द्वारा खेत में आने जाने के लिए रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम कोयलारी निवासी प्रभाकर धानेकर ने भूमि के नक्शे में सुधार एवं सीमांकन कराए जाने के लिए आवेदन दिया, प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार झल्लार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम तिवरखेड निवासी सहदेव ने खेत में रिटर्निंग वॉल बनाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन जनपद पंचायत सीईओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही तहसील के ग्राम जावरा महतपुर निवासी संतोष वरकड़े द्वारा कब्जे की भूमि दिलवाने के आवेदन पर कलेक्टर ने तहसीलदार भैंसदेही को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।



### पानी की समस्या और सड़क निर्माण के लिए दिया आवेदन

जनसुनवाई में बैतूल तहसील के ग्राम सावंगी निवासी गुलाबराव पाटणकर द्वारा करंजी नाले की दीवाल का मटेरियल उठाने और उनके खेत में जाने का रास्ता दुरुस्त कर नई दीवाल का सही जगह निर्माण करने के आवेदन पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी ईई को तत्काल आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के बडोरा निवासी हरिभाऊ पवार सहित अन्य वार्ड वासियों ने मोहल्ले में पानी की समस्या और सडक़ निर्माण के लिए आवेदन दिया, जिस पर अपर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बैतूल को जांच कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम देवगांव निवासी शेख खालिद अहमद द्वारा नौकरी दिलवाने के आवेदन पर कलेक्टर ने रोजगार अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में हिवरखेड़ निवासी विश्वनाथ धोटे ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा समय पर मरम्मत नहीं कराए जाने की शिकायत पर कलेक्टर ने पीएचई ईई को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

## ट्रक ने मारी टक्कर

# भाई को ट्रेन में बैठाकर लौट रही महिला की हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सडक़ हादसे में सरकारी हॉस्टल की रसोइया प्रमिला धुर्वे (35) की मौत हो गई। वह अपने भाई को घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में बैठाकर स्कूटी से घर लौट रही थीं।

पुलिस के अनुसार, शोभापुर निवासी प्रमिला धुर्वे सोमवार रात को अपने भाई को घोड़ाडोंगरी रेलवे स्टेशन छोडऩे गई थीं। भाई के छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से भोपाल रवाना होने के बाद, स्टेशन से लौटते समय घोड़ाडोंगरी-रानीपुर जोड़ पर उनकी स्कूटी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस टक्कर से प्रमिला धुर्वे की मौके पर ही मृत्यु हो गई। प्रमिला



धुर्वे सरकारी हॉस्टल में रसोइया के पद पर कार्यरत थीं। सूचना मिलने पर घोड़ाडोंगरी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी के शवगृह में रखवाया गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

## चर्च मैदान पर जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर खिलाड़ियों को मंच देने के लिए हर साल की तरह इस साल भी स्व. कैलाश सारंग की स्मृति में जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लगातार दूसरे वर्ष भी यहां पर 12 टीमों के मध्य मुकाबले खेले जा रहे है। इसके अलावा यहां पर करीब 150 से अधिक खिलाड़ियों को लगातार 85 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सीनियर खिलाड़ियों और कोच प्रशिक्षण दे रहे है। रविवार को सीनियर वर्ग और जूनियर वर्ग के एक-एक मुकाबले खेले गए। इसमें जूनियर वर्ग के मुकाबले में सीहोर बाइज ने डीएसवायडब्ल्यू 2-1 और सीनियर वर्ग में सीहोर क्लब ने आरएसआई को 3-2 से हराया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत 2 मैच खेले गए। इसमें जूनियर वर्ग की ओर से सीहोर बाइज ने डीएसवायडब्ल्यू को 2-1 से हराया। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य और युवराज ने 1-1 गोल किया था। इसके अलावा डीएसवायडब्ल्यू की ओर से एक मात्र गोल अग्रिम ने किया। इधर एक अन्य मुकाबला सीनियर वर्ग के मध्य खेला गया था, जिसमें सीहोर क्लब ने 3-2 से आरएसआई को हराया। इस मैच पुष्प ने 2 गोल और ध्रुव ने 1 गोल किया। वहीं आरएसआई की ओर से गर्वित ने 2 गोल किए।

### जनपद पंचायत सभागार में हुई सामूहिक जनसुनवाई, 17 आवेदन आए

# अपनी जन समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिक कार्यालय, मिला निराकरण

जपं सभागार में जन सुनवाई का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें नागरिकों की ओर से विभिन्न समस्याओं को मांगों को लेकर 17 आवेदन दिए गए हैं। इस दौरान अधिकारी उपस्थित थे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय जपं सभागार में जन सुनवाई का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें नागरिकों की ओर से विभिन्न समस्याओं को मांगों को लेकर 17 आवेदन दिए गए हैं। इस दौरान अधिकारी उपस्थित थे।

विजयसिंह रघुवंशी वल्द कलीराम ने उल्लेख किया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोहागपुर ने उनके नाम पर 18400/- रुपए का फर्जी ऋण चढ़ाया है। जबकि आवेदक ने समिति से बीज व खाद उधार नहीं लिया है। धनवंती रघुवंशी ने भी शिकायत की है कि उनके नाम पर 20,336 रुपये का फर्जी ऋण समिति ने चढ़ाया है। मधुबाई पत्नि प्रीतम सिंह आदिवासी सियारखेड़ा के आवेदन अनुसार ससुर भूरेलाल वल्द मोतीलाल गौड़ के नाम कृषि भूमि सियारखेड़ा में थी। जिस पर विष्णु वल्द मोतीलाल ने कब्जा किया है। विष्णु कहता है कि जमीन उसने भूरेलाल से खरीदी है, जबकि जमीन खरीदी नहीं है। आवेदक श्रीवल्लभ शर्मा पलाश परिसर कालोनी सोहागपुर ने शिकायत की है कि घर के सामने बनी नाली में पानी जमा होता है एवं कई महीनों से नाली साफ नहीं की गई है। बारेलाल पुत्र परसराम निवासी सौंसारखेड़ा के अनुसार उनकी कृषि भूमि पर ग्राम में बनी नाली के पानी की निकासी से खेत में कीचड़ रहता है।

### सीमांकन के लिए आए आवेदन

विनय कुमार पुत्र कमोद सिंह पटैल निवासी तिघड़ा के आवेदन अनुसार कृष्णा बाई आत्मज रघ्घोजी के नाम दर्ज पैतृक भूमि का उपयोग वह कई वर्षों से कर रहा है। पड़ौसी कृषक भूमि पर अपना स्वामित्व बताकर वर्षों से परेशान कर रहा है एवं बागुड़ नहीं करने देता है, अतः सीमांकन किया जाए।

प्रभात, प्रदीप, मोहित ने शिकायत की है कि सोहागपुर स्थित शास्त्री पार्क की पानी की टंकी के आसपास अतिक्रमण कर दुकानें लगाई जाती हैं। जिससे गंदगी होती है तथा पार्क मंदिर तक महिलाओं का जाना मुश्किल है। मेहरबान सिंह ग्राम कोहनी ने परिवार के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की है। बैजयंती बाई निभौरा ने उल्लेख किया है कि आवेदिका अपनी बहन व भतीजे के साथ ग्राम टूराखापा स्थित खेत में आठ जून 2026 को बखरनी करवाने के लिये गई थी। जहां लखनलाल नागवंशी, उसकी पत्नी प्रेमबाई, छोटू पुत्र लखनलाल नागवंशी आए तथा ट्रैक्टर चलाने से मना किया व झगड़ा किया। आवेदिका ने न्याय की मांग की है। बदामी लाल पुत्र नन्हे मेहरा धपाड़ा ने मकान के आसपास गंदे पानी की निकासी नहीं होने की शिकायत की है।

### शासकीय मेढ़े पर अतिक्रमण की हुई शिकायत

ग्राम गुंदरई निवासियों ने शिकायत की है कि शासकीय मेढ़े पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे आवागमन एवं कृषि कार्य मुश्किल है। मारुति प्रसाद नगतरा के अनुसार खेत में लगे खराब ट्रांसफार्मर को बदला नहीं जा रहा है। हरिशंकर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्रापं बम्होरी खुर्द में मढ़ई रोड की शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की दिखावटी कार्रवाई की गई है व अतिक्रमणकारियों का कब्जा अभी भी है। सेमरी हरचंद के कुशवाहा मोहल्ला निवासियों ने शिकायत की है कि खेत से गुजरने वाली एलटी लाइन के तार बार-बार टूटते हैं। नारायण विश्वकर्मा हरिशंकर चीचली ने शिकायत की है कि गांव की शासकीय सड़क पर गड्ढा होने से आवागमन बाधित है।

## दोपहर में हुई तेज बारिश, नागरिकों को मिली उमस से आंशिक राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहरी क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लगभग 12:30 बजे से एक बजे तक यकायक तीव्र बारिश हुई। जिससे नागरिकों को उमड़ से आंशिक राहत मिली है। नागरिकों के अनुसार मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे। लेकिन तेज उमस का मौसम तब भी बना हुआ था।

वहीं दोपहर 12:30 बजे के बाद यकायक ही बरसात शुरू हो गई। तथा नागरिक बारिश से बचने के लिये बाजार क्षेत्र में दुकानों के आसपास खड़े दिखे। बारिश के बाद नागरिकों को तेज उमस के मौसम से कुछ हद तक राहत मिली।

वहीं धान फसल की तैयारी कर रहे किसानों में खुशी देखी गई है। किसानों को अपेक्षा है कि अब लगातार बारिश हो, जिससे धान के रोपों की बुवाई में कोई भी परेशानी ना हो।

## आंगनवाड़ी सहायिका पद पर होगी नियुक्ति

**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम शोभापुर के आंगनवाड़ी केंद्र में पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित सहायिका का पद रिक्त है। सोहागपुर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि मप्र शासन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक 2525 दिनांक 29 जून 2026 के परिपालन में नर्मदापुरम जिले में सोहागपुर परियोजना के ग्राम शोभापुर में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक छह में सहायिका पद रिक्त है। जिसके लिये आवेदक एमपी आनलाइन पोर्टल द्वारा आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक नियुक्ति संबंधी नियम, निर्देश, शर्तें, आवेदन प्रारूप, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी चयन पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। सभी जानकारियां विभागीय वेबसाइट पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र दिनांक 01 जुलाई 2026 तक ही ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त किये जा सकेंगे एवं आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 13 जुलाई 2026 है। आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2026 है। ऑफलाइन से प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।

## जागरुकता अभियान में साइबर अपराधों से बचने की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पुलिस थाने मे मंगलवार को थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने 12.बजे से 02.बजे तक जनसुनवाई की . जिसमें 04 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हें तुरंत संज्ञान में लेकर संबंधित बीट प्रभारी को मार्क कर आवेदनों का निराकरण हेतु दिया गया। साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2026 के अंतर्गत माखन नगर थाना स्टाफ द्वारा जनता को इंटरनेट के डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने एवं साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई ।

## नवीनतम पदस्थ नगरपालिका अधिकारी ने किया वृद्धा आश्रमों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय के द्वारा ब्रदधा आश्रम का निरीक्षण किया गया। जिसमें ब्रदधा आश्रम में निवास करने वाले लोगों के हाल चाल पूछ कर जानकारी ली गई थी। तथा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है या नहीं इसकी जांच की की गई है।

साफ सफाई कराई गई है या नहीं इसकी जांच भी कराई गई।यदि रहे पूर्व में पदस्थ रहे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संतोष तिवारी के द्वारा कभी निरीक्षण किया ही नहीं गया था। बल्कि अनेक जगहों पर बघेल देखें ही फाईल पर हस्ताक्षर किए गए थे। जनपद पंचायत का मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभारी रहते हुए। लेकिन अभी वर्तमान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने ब्रदधा आश्रम का निरीक्षण किया गया था। तब हड़कंप मच गया था। काफी मामले में काफी सुधार कराया गया था। मंगलवार को सतीश मालवीय मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित रहे रुपेश मौर्य , नीतेश पांडे रामकुमार शर्मा निशा माहेश्वरी अलकेश तिवारी आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।



## अम्रत भारत स्टेशन योजना पर उठे सवाल अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नपा क्षेत्र सहित अन्य सभी रेलवे स्टेशन को सुधारने के लिए रेल मंत्रालय के द्वारा यात्रियों को अच्छी व्यवस्था देने के लिए योजना बनाई गई थी। तथा चलाई भी गई थी। रेलवे स्टेशन पर लगभग 10करोड रुपए देने का एलान किया गया था। जिसमें ओवर ब्रिज के अलावा वर्षो पुराने लोहे के ओवर ब्रिज को तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तथा प्लेट फार्म पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन अभी वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर में गेट से लगभग 1000मीटर से अधिक दूरि पर रेक पाइंट पर बनाया गया है। जिसके कारण जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसलिए लोगों ने पूर्व में जहांफुट ओवर ब्रिज बनाया गया था वहां पर कार्य में तेजी लाने की मांग की गई है। क्यों कि वहां पर लिफ्ट पहले से लगी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग करने के अलावा कहना है कि कार्य को लगभग 1 वर्ष बीत गया है। लेकिन अभी तक जनता के लिए सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है। इसके लिए पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल ने बताया कि उन्होंने सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं रेल समिति सदस्य ललिता पुरवियारेल को भी अवगत कराया गया था।जिन लोगों के द्वारा संबंधित मामले को लेकर निरीक्षण किया गया था।जिस बारे में काम तो चल रहा है। लेकिन यात्रीगण के अनुसार कछुआ गति से काम चल रहा है।

## 31 जुलाई से इटारसी से चलेगी स्पेशन ट्रेन

**इटारसी।** रेलवे ने यात्रियों की भीड़ और मांग को देखते हुए हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि को बढ़ा दिया है। इस फैसले से पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, भोपाल और बीना सहित कई स्टेशनों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। पहले इस स्पेशल ट्रेन का संचालन 26 जून तक ही तय था, जिसे अब जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। गाड़ी संख्या 07075 हैदराबाद डेक्कन-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन अब 3, 10, 17, 24 और 31 जुलाई 2026 को प्रत्येक शुक्रवार को हैदराबाद से रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने इस रूट पर यात्रियों की सुविधा के लिए 5 अतिरिक्त फेरे जोड़ने की मंजूरी दी है।इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 07076 गोरखपुर-हैदराबाद स्पेशल ट्रेन 5, 12, 19 और 26 जुलाई के साथ-साथ 2 अगस्त को प्रत्येक रविवार को गोरखपुर से चलेगी।

## पहली बारिश में उखड़ी 146बी सड़क, कांग्रेस नेता ने लगाए भ्रष्टाचार करने के आरोप

**भैरूंदा।** बुधनी विधानसभा क्षेत्र में बन रही 146B सड़क की गुणवत्ता पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। मानसून की शुरुआत होते ही सड़क कई जगहों से उखड़ गई, धंस गई और जगह-जगह गड्ढे नजर आने लगे। इससे न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि आम लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क का काम लंबे समय से चल रहा है, लेकिन जैसे ही हल्की बारिश हुई, सड़क की हालत खराब हो गई। लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर वाहन फिसलने और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है।

इस मामले में प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश सचिव और बुधनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विक्रम मस्ताल शर्मा (हनुमान) ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के पैसे का खुला दुरुपयोग है। मस्ताल ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और ठेकेदार ने नियमों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि जिस सड़क का निर्माण वर्षों से चल रहा था, वह पहली ही बारिश में टिक नहीं पाई। इससे साफ है कि निर्माण कार्य में कहीं न कहीं बड़ी गड़बड़ी हुई है। मस्ताल ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य करने वाली शेरप शुक्ला कंपनी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अब जल्दबाजी में मरम्मत कार्य करवा रही है।




## बिजली टावर से टकराकर घायल हुआ बाज, कृषक ने की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र के ग्राम नवलगांव में सोमवार शाम एक बाज हाईटेंशन बिजली लाइन के टावर से टकराकर घायल हो गया। नवलगांव निवासी कृषक प्रशांत रघुवंशी ने बताया कि उनके खेत में सोमवार शाम एक बाज घायल होकर गिर गया। जिसके पीछे कुत्ते पड़ गए तथा उसे नोंच रहे थे। कृषक प्रशांत ने कुत्तों को भगाया तथा बाज की सुरक्षा की। उन्होंने वन विभाग को सूचना दी एवं बाज को लेकर सोहागपुर वन विभाग कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने वनकर्मियों को बाज सौंपा तथा उसकी सुरक्षा एवं इलाज की मांग की। बाज का पंख टावर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसका इलाज वन विभाग द्वारा कराया जाएगा।



## पलस पोलियो अभियान के अंतर्गत बच्चों को पिलाईं गई दो बूंद जिंदगी की, लिया फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगातार प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ किया गया था। जिसमें प्रथम दिवस पर बताया गया कि 17हजार 500बचचो को दवा पिलाकर सुरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन इस वर्ष 13हजार500 बच्चों को दवा पिलाकर सुरक्षित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जनपद पंचायत की शिक्षा स्वास्थ्य समिति की सभापति कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा की गई थी। कोई बच्चों को छोड़ा नहीं जा सके इसलिए लगातार 3दान तक यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पहले एक ही जगह पर दुसरे दिन रेलवे स्टेशन से लेकर सभी सार्वजनिक स्थानों पर जाकर पिलाई गई थी।

तीसरे दिन 0से लेकर 5 वर्ष के बच्चों को घर घर जाकर दवा पिलाई गई। मतदान केन्द्रों पर भी जाकर दवा पिलाई गई थी। पिपरिया विकास खण्ड में लगभग 197जगहो पर तथा 7टराजिट पाइंट पर 3मोबाईल टीमें लगाई गई थी।

इनका लक्ष्य रखा गया था कि 18हजार बच्चों को दवा पिलाकर सुरक्षित रखने का था। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर भी दवा पिलाकर सुरक्षित किया गया।



### भैरूंदा के विद्यार्थियों को मिलेगा प्रतियोगी परीक्षाओं का बेहतर मंच

# जल्द शुरू होंगी मामा कोचिंग क्लासेस, 400 ने आजमाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी उपलब्ध कराने की पहल 'मामा कोचिंग क्लासेस' का शुभारंभ जल्द ही नगर में होने जा रहा है। रविवार को नगर के सांदीपनी विद्यालय में प्रवेश पात्रता परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला और क्षेत्रभर से करीब 400 विद्यार्थियों ने इसमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर पात्र विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को मामा कोचिंग क्लासेस के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराई जाएगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है, जो आर्थिक कारणों से बड़े शहरों में जाकर कोचिंग प्राप्त नहीं कर पाते।

### मामा कोचिंग युवाओं के सपनों को देगी नई उड़ान

कार्यक्रम में उपस्थित निगम अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस युवाओं के भविष्य को संवारने वाली एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र के अनेक प्रतिभाशाली विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते। मामा कोचिंग क्लासेस ऐसे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां उन्हें अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, बेहतर अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की सुनियोजित तैयारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरी मेहनत और लगन के साथ तैयारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि यही मेहनत उन्हें प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न सरकारी नौकरियों तक पहुंचाएगी।



**अनुभवी शिक्षकों से मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट और करियर काउंसलिंग की सुविधा :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्तिकेय सिंह चौहान ने मामा कोचिंग क्लासेस में मिलने वाली सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को अनुभवी एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप अध्ययन सामग्री, साप्ताहिक एवं मासिक टेस्ट, मॉडल पेपर, डाउट क्लियरिंग सेशन, करियर काउंसलिंग तथा समय-समय पर प्रेरक मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल कोचिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरे समर्पण के साथ तैयारी करें।

### जल्द होगा शुभारंभ

आयोजकों ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के मूल्यांकन के बाद सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। इसके पश्चात भैरूंदा में मामा कोचिंग क्लासेस का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

// जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा 11वी लाईन इटारसी के समक्ष श्री शेखर पगारे आत्मज श्री वीरेन्द्र पगारे एवं श्रीमति उषा पगारे पत्नी श्री वीरेन्द्र पगारे निवासी गांधी नगर, इटारसी के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति परिवर्तित क्षेत्र शहर इटारसी प.ह.न 9/13 शीट नं. 3 ऑनलाईन खसरा नं. 118/2/12 प्लाट नं. 11/1 रकवा 535 वर्गफुट जिसके पूर्व में रामगोविंद का मकान पश्चिम में रामगोविंद का मकान उत्तर में 10 फुट का रास्ता दक्षिण में 5 फुट की गली जो पुराना वार्ड नं. 21 नया वार्ड नं. 23 गांधी नगर इटारसी तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम (होशंगाबाद) म.प्र. में स्थित है। को बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा 11वी लाईन इटारसी के पक्ष में बंधक प्रभारित कर प्रदत्त गृह ऋण सुविधा की गारंटी स्वरूप बंधक प्रभारित कर रहे है। उक्त संपत्ति वारसान हक में प्राप्त कर राजस्व अभिलेखों में तहसीलदार द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 0357/अ-6/वर्ष 2026-27 आदेश दिनांक 11.06.2026 के द्वारा नाम दर्ज कराकर कब्जा व आधिपत्य प्राप्त कर उपयोग-उपभोग कर रहे हैं। उक्त सम्पत्ति वर्तमान स्वामी द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा 11वी लाईन इटारसी में बंधक प्रभारित कर ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, वारिस, उत्तराधिकारी, बैंक, सोसायटी, नजूल, राजस्व म.प्र. शासन, शासकीय अथवा अशासकीय निकाय का अनुबंध, स्वत्व आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक, भार, विलियन अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद उक्त संपत्ति/लिंक सेलडीड पर हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय अथवा बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा 11वी लाईन इटारसी में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावें। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तत्पश्चात मेरा पक्षकार बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा 11वी लाईन इटारसी उक्त संपत्ति के संपूर्ण ओरिजनल दस्तावेज एवं नामांतरण आदेश प्राप्त कर बंधक प्रभारित कर ऋण स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही कर ऋण प्रदान करेगा जिस पर कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
एन. के साहू अधिवक्ता
निधि चौहान अधिवक्ता
सेन्ट्रल बैंक के सामने, इटारसी
मो. नं. 9425040080

## खबर संक्षेप

### जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति बढ़ी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने वर्ष 2026-27 में छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरों में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सततनिर्णय ले रही है। इसी क्रम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि अनुसूचित जनजाति के छात्रावास/आश्रमों में रहने वाले छात्र/छात्राओं की शिष्यवृत्ति की दरों को प्रत्येक वर्ष माह मार्च के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर निर्धारित कर माह जुलाई में छात्रावास / आश्रम जारी आदेश के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष 2026-27 के लिए शिष्यवृत्ति की नई दरें निर्धारित की गई हैं। अब छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये प्रतिमाह तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### जिले में 29 जून तक औसत 143.0 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त दैनिक वर्षा रिपोर्ट के अनुसार 29 जून 2026 को जिले में औसतन 4.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 26.0 मिमी वर्षा आष्टा तहसील में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा जावर में 8.0 मिमी तथा श्यामपुर में 1.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीहोर, इछावर, भैरूंदा, बुधनी एवं रेहटी तहसीलों में वर्षा दर्ज नहीं की गई। 1 जून 2026 से 29 जून 2026 तक जिले में औसतन 143.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि इसी अवधि में गत वर्ष 168.9 मिमी वर्षा हुई थी। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार भैरूंदा में सर्वाधिक 191.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा इछावर में 185.0 मिमी, आष्टा में 168.0 मिमी, सीहोर में 150.8 मिमी, बुधनी में 148.5 मिमी, जावर में 131.1 मिमी, श्यामपुर में 89.8 मिमी तथा रेहटी में 79.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

### 11 केवी बिजली लाइन की कथित लापरवाही से किसान झुलसा

**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम बड़वेली में कृषि कार्य के दौरान एक किसान गंभीर रूप से करंट की चपेट में आ गया। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि खेत में लगी 11 केवी विद्युत लाइन के तार लंबे समय से जमीन से करीब 5 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे थे। इसकी जानकारी देने के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समय रहते सुधार कार्य नहीं कराया, जिसके चलते यह गंभीर हादसा हुआ। घटना 18 जून 2026 की बताई जा रही है। घायल किसान सतीश मेवाड़ा (पिता प्रहलाद सिंह मेवाड़ा) खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। वे झूल रहे बिजली के तार की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें पहले जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर निजी अस्पताल ले जाया गया और बाद में बेहतर उपचार के लिए भोपाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है।

### जिले में झमाझम बारिश होने से आमजन जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

# नदी-नाले उफान पर, जिजगांव में बिजली गिरने से 1 युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जिले में मानसून अब पूरी तरह सक्रिय होता नजर आ रहा है। सोमवार और मंगलवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत दी, वहीं किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौटा दी। एक ओर बारिश ने किसानों और आमजन को राहत दी, तो दूसरी ओर आकाशीय बिजली से हुई इस दुखद घटना ने पूरे जिले को गमगीन कर दिया। मंगलवार दोपहर हरदा शहर सहित कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। घने काले बादलों के कारण दोपहर में ही अंधेरा छा गया। तेज हवा और बारिश के चलते शहर की सड़कों पर पानी बहने लगा तथा कई क्षेत्रों में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही।



पिछले तीन-चार दिनों से बड़ी संख्या में किसान सोयाबीन की बुवाई कर चुके थे और अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। मंगलवार की बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंची, जिससे फसल के बेहतर अंकुरण की उम्मीद बढ़ गई है। किसानों ने इसे खरीफ सीजन के लिए शुभ संकेत बताया। बारिश थमने के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। किसानों का कहना है कि यदि मानसून की यही रफ्तार बनी रही तो इस वर्ष सोयाबीन की पैदावार बेहतर रहने की संभावना है।

इससे पहले सोमवार शाम सिराली क्षेत्र में भी करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई थी। तेज बारिश से स्यानी नदी का जलस्तर बढ़ गया और कई गांवों की सड़कों पर पानी बहने लगा। छोटे-बड़े नाले उफान पर आ गए, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। सोमवार शाम 4 से 6 बजे के बीच हुई तेज बारिश के कारण स्यानी नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ गया। बारिश का असर पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। जानकारी के अनुसार पहेटकला, आमासेल, दीपगांवकलां, बेड़ियां, बावड़ियां, नहाली कलां, सारसूद, कडोलाराघो, सोमगांव कलां, चारखेड़ा, गांगला, कमताडा, मसनगांव सहित कई गांवों में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जिससे खेतों में पानी भर गया। किसान नर्मदाप्रसाद गुर्जर ने बताया कि दो दिन पहले की गई सोयाबीन की बोनी के



लिए यह बारिश काफी लाभदायक साबित होगी। हालांकि, जिन किसानों ने सोमवार को ही बुवाई की है, उन्हें अधिक बारिश के कारण कुछ स्थानों पर बीज खराब होने की आशंका भी है।

#### बारिश के बीच दर्दनाक हादसा

इसी बीच मंगलवार दोपहर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम जिजगांव खुर्द में आकाशीय बिजली गिरने से 32 वर्षीय प्रदीप राठौर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार प्रदीप अपने खेत में ट्रैक्टर से सोयाबीन की बुवाई कर रहे थे। अचानक तेज बारिश शुरू होने पर वह ट्रैक्टर खड़ा कर पास के एक नीम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। तभी आकाशीय बिजली उन पर गिर गई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रदीप का विवाह 20 मई को नर्मदापुरम जिले की एक युवती से हुआ था। शादी को अभी करीब दो महीने ही हुए थे। उनकी असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है।

#### 24 घंटों में जिले में 23.9 मि.मी. औसत वर्षा

जिले में गत चौबीस घंटों में 23.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 6.3 मि.मी., टिमरनी में 52 मि.मी., खिरकिया में 3.2 मि.मी., सिराली में 4.1 मि.मी. तथा रहटगांव में 54 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 103.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 158.8 मि.मी., टिमरनी में 82.3 मि.मी., खिरकिया में 108.8 मि.मी., सिराली में 39.2 तथा रहटगांव में 130.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 30 जून तक 243 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### कोर्ट में पेश कर जेल भेजा

## बहू से दुष्कर्म के आरोप में पति, सास, देवर व मामा ससुर सहित 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जिले में दुष्कर्म के आरोप में पति, सास, देवर और मामा ससुर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

सिटी कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार, एक महिला ने अपने मायके जाकर नर्मदापुरम जिले के इटारसी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में देवर और मामा ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। यह रिपोर्ट बाद में हरदा के सिटी कोतवाली थाने को प्राप्त हुई, जिसके आधार पर मामला दर्ज किया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 12 जून की रात करीब 12 बजे उसकी सास और पति ने उससे मायके से पैसे लाने की मांग की। जब उसने पैसे लाने से इनकार कर दिया, तो सास ने उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खोलने पर सास ने उसे पिता से एप के जरिए 10 हजार रुपए मंगवाने को कहा। पीड़िता के मना करने पर, पति और सास की मौजूदगी में देवर और मामा ससुर ने दुष्कर्म किया।

पीड़िता के चिल्लाने पर पति और सास ने उसके हाथ पकड़ लिए और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद उसे मायके जाने या मोबाइल पर बात करने की अनुमति नहीं दी गई। अगले दिन, जब पति नहाने गया, तो पीड़िता ने चुपके से अपने पिता को फोन कर बुलाया। मायके पहुंचकर इटारसी थाने में मामला दर्ज कराया। टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सोमवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### डीएपी का संकट, एनपीके खाद 650 रुपए महंगी, 1450 की बोरी अब 2100 रुपए में

**सीहोर।** जिले में मानसून की आहट के साथ ही किसान खरीफ सीजन की तैयारियों में जुट गए हैं। किसानों ने बोवनी के लिए खेत तैयार करना शुरू कर दिया है। लेकिन इस बार खाद की लागत डेढ़ गुना से भी अधिक बढ़ने से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सरकारी सोसायटियों और गोदामों से पारंपरिक 1350 रुपए में मिलने वाली डीएपी खाद लगभग गायब है। उसकी जगह किसानों को महंगे दामों वाले एनपीके विकल्प का सहारा लेना पड़ रहा है। लेकिन विकल्प के रूप में उपयोग किया जाने वाला एनपीके खाद अब 650 रुपए महंगा हो गया है। पिछले महीने तक 1450 रुपए प्रति बोरी मिलने वाला एनपीके अब 2100 रुपए में मिलेगा। इससे बोवनी की लागत भी बढ़ेगी।

## मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल डीएमओ से मिला



हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

भारतीय किसान संघ, रहटगांव तहसील के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) ठाकुर से मुलाकात कर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की मात्रा बढ़ाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्तमान में निर्धारित खरीदी सीमा किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे उन्हें अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने रहटगांव में स्थायी खाद वितरण केंद्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने तथा स्थायी विक्रय केंद्र स्थापित करने की मांग भी उठाई। किसानों का कहना था कि स्थायी व्यवस्था होने से क्षेत्र के किसानों को खाद वितरण और उपज विक्रय में सुविधा मिलेगी। बैठक के दौरान किसान संघ ने मूंग खरीदी केंद्रों की संख्या एवं खरीदी क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर मूंग खरीदी की मात्रा नहीं बढ़ाई गई तो भारतीय किसान संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि किसान खाद, बीज और अपनी उपज बेचने तक हर स्तर पर परेशान हो रहा है। उन्होंने शासन से किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर हरिओम गौर, आनंद पटेल, पवन गौर, दीपक पटेल, सियाराम गौर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में 2 महिलाओं के बीच मारपीट

**सीहोर।** जिला अस्पताल परिसर में दो महिलाओं के बीच मारपीट हुई है। दोनों महिलाओं ने एक-दूसरे के बाल पकड़े और डंडे से हमला किया। घटना के दौरान अस्पताल का कोई भी सुरक्षाकर्मी या स्टॉफ वहां मौजूद नहीं था। अब इस पूरी मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो अस्पताल के मुख्य हिस्से का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक महिला ने नीचे गिरी दूसरी महिला पर लाठी से कई वार किए। इस दौरान वहां मौजूद लोग और राहगीर घटना का वीडियो बनाते रहे। किसी ने भी बीच-बचाव कर उन्हें रोकने की कोशिश नहीं की। जिला अस्पताल में मरीजों और परिजनों की सुरक्षा के लिए गाड्र्स की तैनाती की गई है। इसके बावजूद अस्पताल परिसर में सरेआम हुई इस मारपीट से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। काफी देर तक चली इस झड़प को रोकने के लिए कोई जिम्मेदार स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा।

## 16 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस, अगले साल तय थी शादी

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम नहाडिया में सोमवार शाम को एक 16 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दी। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र के ग्राम खातेगांव निवासी शेरसिंह पिता कालिया कोरकू (16) के रूप में हुई है। शेरसिंह पिछले तीन महीनों से ग्राम नहाडिया में मजदूरी कर रहा था। उसकी सगाई इसी गांव में हुई थी और अगले साल उसकी शादी होनी थी। कमरे का दरवाजा बंद कर सुसाइड मृतक के बड़े भाई श्रीराम कोरकू ने बताया कि शेरसिंह दो भाइयों में छोटा था। उनके माता-पिता का निधन कई साल पहले हो गया था, जिसके बाद श्रीराम ने ही अपने छोटे भाई का पालन-पोषण किया था।

मृतक शेरसिंह की होने वाली पत्नी की बड़ी बहन आशा ने घटना का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम को वे तीनों बहनें और शेरसिंह खेत में बनी टपरी के बाहर बैठे थे। अचानक शेरसिंह उठा और कमरे के अंदर चला गया, फिर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ा परिजनों ने उसे कई बार आवाज लगाई, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उसकी होने वाली पत्नी खिड़की से कूदकर अंदर गई, जहां उसने शेरसिंह को फांसी के फंदे पर लटका पाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, युवक की मौत के सही कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल, मामले की जांच जारी है।

#### वैन में अचानक आग लगी

**हरदा।** मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे छीपानेर रोड स्थित आयकर विभाग कार्यालय के सामने एक वैन में अचानक आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों और वाहन चालक ने तुरंत आग बुझाने की कोशिश की। इससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के दौरान केवल ड्राइवर वाहन में सवार था। वैन बच्चों को छोड़कर लौट रही थी। जानकारी के अनुसार, यह वैन स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का काम करती है। वैन एक पिज्जा दुकान के पास खड़ी थी। इसी दौरान उसमें से धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगीं। गनीमत रही कि घटना के समय वैन में कोई बच्चा सवार नहीं था। लोगों ने रेत की मदद से आग पर काबू पा लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही सड़क पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। शहर के युवा समाजसेवी शुभम सुरमा ने ट्रैफिक पुलिस और आरटीओ विभाग से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले सभी वाहनों की जांच कराने की मांग की। उन्होंने कंडम वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की भी बात कही। आरटीओ राकेश आहके ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूली बच्चों के लिए उपयोग में आने वाले सभी वाहनों की जांच की जाएगी। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

## 25 हितग्राहियों का सम्मान कर डिजिटल लेन-देन के बारकोड और स्पीकर बांटे

**सीहोर।** नगर पालिका परिषद सीहोर के सभागार में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योजना के उत्कृष्ट हितग्राहियों का सम्मान करते हुए उन्हें सम्मान पत्र एवं कुछ लोगों को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ने के उद्देश्य से बारकोड एवं साउंड बॉक्स (स्पीकर) वितरित किए गए। इस दौरान 25 हितग्राहियों को सम्मानित कर उनके सफल व्यवसाय और समय पर ऋण चुकाने की उपलब्धि के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से अब तक नगर पालिका परिषद सीहोर क्षेत्र के 5 हजार से अधिक रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों एवं छोटे व्यापारियों को योजना का लाभ दिलाया जा चुका है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में 10 हजार, दूसरे चरण में 20 हजार तथा समय पर ऋण चुकाने वाले हितग्राहियों को तीसरे चरण में 50 हजार तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इससे हजारों छोटे व्यवसायियों का कारोबार बढ़ा है और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। महोत्सव में उन हितग्राहियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने योजना के तीनों चरणों का सफलतापूर्वक लाभ प्राप्त किया। इनमें बबीता लोधी (इंदिरा नगर) को यूनियन बैंक से 50 हजार तथा ओमप्रकाश सेन (मंडी क्षेत्र) को भारतीय स्टेट बैंक से 50 हजार का ऋण मिलने पर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य हितग्राहियों को भी डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि उनका व्यवसाय आधुनिक तकनीक से जुड़ सके और नकद लेन-देन पर निर्भरता कम हो।

## पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को दी ई-ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली का विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है।



### माहेश्वरी समाज ने किया रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**सीहोर।** माहेश्वरी समाज सीहोर द्वारा महेश नवमी महोत्सव कार्यक्रमों में रविवार को माहेश्वरी भवन पर रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक सहयोग से रक्तदान शिविर एवं गोविंद नेत्रालय द्वारा नेत्र परिक्षण शिविर लगाया गया। जिसका शुभारंभ सीहोर के विधायक सुदेश राय द्वारा फीता काट कर नहीं अपितु स्वयं रक्तदान कर समाज को रक्तदान की आवश्यकता का संदेश देने के उद्देश्य से किया। इसमें रक्तदान के महत्व को अरुणा सुदेश राय द्वारा रक्त की कमी से थैलीसीमिया जैसी बीमारी का उदाहरण देकर रक्तदान के महत्व को समझाया।

## 12 निक्षय मित्रों ने 100 मरीज लिए गोद




**हरदा।** सोमवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के 12 नागरिकों ने निक्षय मित्र बनकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। जिला चिकित्सालय हरदा में आयोजित कार्यक्रम में इन निक्षय मित्रों द्वारा 100 क्षय रोगियों को गोद लिया गया और उन्हें पोषण आहार किट (फूड बास्केट) का वितरण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला क्षय अधिकारी डॉ. मृत्युंजय सिंह गहलोत, समस्त एनटीईपी स्टाफ उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि जिले के हर्षिता गौरव जैन, राजकुमार बाफना, साहिल संजय जैन, आशीष रात्रे, सांझ सन्नी अजमेरा, दिव्या अग्रवाल, राहुल गंगवाल जैन, रजनीश अग्रवाल, विनय जैन, नरेन्द्र राठी, पुष्पा सुभाष सिंघई तथा सुगन निर्मल पाटनी ने निक्षय मित्र बनकर मरीजों की पोषण संबंधी जिम्मेदारी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के तहत निक्षय मित्र योजना चलाई जा रही है।

इसमें समाज के सक्षम लोग टीबी मरीजों को गोद लेकर उनके इलाज की अवधि तक पौष्टिक भोजन, जांच और भावनात्मक सहयोग प्रदान करते हैं। इससे मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं।

### आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को किए आदेश

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏩ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला



अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में टिमरनी के वार्ड क्रमांक 3 जोशी नगर के रहवासियों ने आवेदन देकर कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट, पानी, बाउण्ड्रीवाल की व्यवस्था करने तथा चोरी व असामाजिक तत्वों के जमावड़े पर रोक लगाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टिमरनी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम तजपुरा निवासी भीमसिंह राजपूत ने आवेदन देकर फार्मर आईडी न बनने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम चारखेड़ा निवासी रामबिलास आंजने ने आवेदन देकर सोयाबीन की फसल का मुआवजा प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में ग्राम हीरापुर निवासी प्रदीप तिवारी ने आवेदन देकर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कृषि भूमि अधिग्रहण के बाद भी मुआवजा राशि प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी क्षमा कड़ोले ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम आदमपुर निवासी दौलीबाई ने आवास योजना का लाभ प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हंडिया को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए।